# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

23 एलनगंज, प्रयागराज–211002

पत्रांकः 1840 /48(2026)/परीक्षा /2026–27 दिनांकः 26/अगस्त/2026

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ०प्र० शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज की विज्ञापन संख्या 01/2026 शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET 2026) की लिखित परीक्षा दिनांक 02 व 03 जुलाई 2026 को दो–दो पाली तथा दिनांक 04 जुलाई 2026 को एक पाली इस प्रकार कुल 05 पालियों (03 पाली उच्च प्राथमिक स्तर एवं 02 पाली प्राथमिक स्तर) में प्रदेश के 60 जनपदों में 955 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न कराया गया।

इस परीक्षा में पंजीकृत अभ्यर्थियों की अत्यधिक संख्या (1994661) होने के दृष्टिगत संदर्भित परीक्षा 03 दिवस की पॉच पालियों में सम्पन्न करायी गयी। इसलिए अभ्यर्थियों के तुलनात्मक मूल्यांकन हेतु जैसा कि विज्ञापन के बिन्दु– 09 में उल्लिखित है, की प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए परिणाम तैयार किया गया है।

शिक्षक पात्रता परीक्षा (UPTET 2026) की परीक्षा का परिणाम आज दिनांक 26.08.2026 को घोषित किया जा रहा है जिसमें प्राथमिक स्तर (कक्षा 01 से 05 तक) हेतु परीक्षा में सम्मिलित कुल **713648** अभ्यर्थियों में से **(80.07 प्रतिशत) 571435** अभ्यर्थी सफल हुये तथा उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 06 से 08 तक) हेतु परीक्षा में सम्मिलित कुल **1057021** अभ्यर्थियों में **से (71.85 प्रतिशत) 759513** अभ्यर्थी सफल घोषित हुए है।

उक्त परीक्षा में प्राथमिक स्तर (कक्षा 01 से 05 तक) सम्मिलित कुल **122405** कार्यरत शिक्षकों में से **(76.29 प्रतिशत) 93387** कार्यरत शिक्षकों को तथा उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 06 से 08 तक) सम्मिलित कुल **146394** कार्यरत शिक्षकों में से **(77.45 प्रतिशत) 113384** कार्यरत शिक्षकों को सफल घोषित किया गया है। चयन परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://upessc.up.gov.in/ पर अभ्यर्थियों द्वारा देखा जा सकता है।

उपसचिव